राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बाबा रामदेव जी के किए दर्शन

## प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की

जयपुर/जैसलमेर, 1 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को रामदेवरा पहुंचकर लोकदेवता बाबा रामदेव जी की समाधि के दर्शन किए एवं विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। इस दौरान राज्यपाल ने परिसर में स्थित जम्मा जागरण स्थल पर बाबा रामदेव की रिक्खियों का श्रवण भी किया।

इस अवसर पर बाबा रामदेव वंशज गादीपति भोमसिंह तंवर ने मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से राज्यपाल का साफा, दुपट्टा एवं बाबा रामदेव जी की तस्वीर भेंट कर पारंपरिक स्वागत किया गया।

राज्यपाल ने बाबा रामदेव जी के आदर्शों और जनकल्याणकारी विचारों का स्मरण किया।

उन्होंने देशभर से रामदेवरा आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और श्रद्धा को अद्‌भुत बताया और प्रशासन द्वारा मेले में की गई व्यवस्थाओं की भी सराहना की।

———

## राज्यपाल की रामदेव जयन्ती व तेजा दशमी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 1 सितंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रामदेव जयन्ती व तेजा दशमी (2 सितम्बर) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि लोक देवता रामदेवजी और तेजाजी का जीवन लोक कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने रामदेव जी और तेजाजी के बताए आदर्श मार्ग को अपनाते हुए दीन– दुखियों की सेवा और प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखते कार्य करने का आह्वान किया है।

———






ध्यान मुद्रा में
मेवा डाली बाई
सावधान
भेंट पात्र